to-morrow. I shall now take up Private Members' Business.

*(Interruptions)**

MR. DEPUTY SPEAKER : Do not record anything. *(Interruptions)*.

15.32 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

Seventy-fifth Report

SHRI KAZI JALIL ABBASI (Domariaganj) : Sir, I beg to move :

"That this House do agree with the Seventy-fifth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 18th April, 1884."

MR. DEPUTY SPEAKER : The question is :

"That this House do agree with the Seventy-fifth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 18th April, 1984."

(The motion was adopted)

15.33 hrs.

WORKING JOURNALISTS AND OTHER NEWSPAPER EMPLOYEES (CONDITIONS OF SERVICE) AND MISCELLANEOUS PROVISIONS (AMENDMENT) BILL (AMENDMENT OF SECTIONS 2 AND 3)

श्री राम नगीना मिश्र (सलेमपुर) : मान्यवर, आपकी आज्ञा से मैं प्रस्ताव करता हूं कि श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचार-पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1955 में और संशोधन करने वाले विधेयक को पुन:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

MR. DEPUTY SPEAKER : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Working Journalists and Other Newspaper Employees (Conditions of Service) and Miscellaneous Provisions Act, 1955."

(The motion was adopted)

श्री राम नगीना मिश्र : मान्यवर, मैं इस विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं।

15.35 hrs.

RESERVATION OF VACANCIES IN POSTS AND SERVICES (FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES) BILL—(Contd).

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, we shall take up further consideration of the motion moved by Shri Suraj Bhan. Mr. Sunder Singh was on his legs. Mr. Sunder Singh, you had already taken 7 minutes. You may take another 5-6 minutes.

श्री सुन्दर सिंह (फिल्लौर) : उपाध्यक्ष जी, यह बिल बहुत शानदार है। इसमें कोई शक नहीं कि हर पहलू में हरिजनों को उनके रिजर्व कोटे के हिसाब से नहीं रखा जाता है। जो उन्होंने फिगर्स बताये हैं जहां 50 आदमी लेने हैं वहां 2 ही लिये जाते हैं और कोई हरिजनों का ख्याल नहीं रखता है। महात्मा गांधी हरिजनों के लिए अच्छा सोचते थे, मगर जो उनके फौलोवर्स हैं वह कैसे उनका मुकाबला

*Not recorded.

कर सकते हैं। यह बड़ी मुश्किल बात है। एक शायर इकबाल ने कहा है :

"शूद्र के लिये हिन्दुस्तान गमखाना है, और
इस बस्ती का दिल दर्द इन्सान से बेगाना है।"

जहां तक गरीबों का ताल्लुक है अगर किसी के दिल में दर्द हो तब तो ठीक है। लेकिन ऐसा है नहीं। "सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा" यह भी इकबाल ने कहा था। जहां लोगों के दिल में कोई दर्द नहीं है। अगर दर्द हो तो देश में से गरीबी दूर हो सकती है। लोगों को गरीबों की मदद करने में बड़ी मुश्किल होती है। महात्मा गांधी ने कहा था कि वह ऐसा हिन्दुस्तान चाहते हैं कि जहां गरीब महसूस करे कि यह उनका कन्ट्री है। ऐसा हिन्दुस्तान चाहिये जहां कोई कम्युनल राइट न हो, न कोई ऊंचा हो, न कोई नीचा हो। मगर हालात यह हैं कि यहां हर एक आदमी अपना-अपना कब्जा जमाने की कोशिश करता है। कोई कहता है हाय चंडीगढ़, कोई कहता है हाय अबोहर। मगर हरिजन क्या कहता है ? हाय रोटी। इनको कब्जे की पड़ी हुई है। गरीबों को तो पता ही नहीं कि कब्जा क्या चीज है। हिन्दुस्तान वाकई हरिजनों का है। जो बाहर से लोग आए हुए हैं उन्होंने कब्जा जमा रखा है। हमारा हिन्दुस्तान है, हमारी नेशनेलिटी है। जो दर्द हरिजनों को हिन्दुस्तान के लिए है वह किसी को नहीं हो सकता। क्यों ? लोग आपस में लड़ रहे हैं और कब्जे के लिये लड़ते हैं। मन्दिरों, गुरुद्वारों में जाते हैं पता नहीं वहां क्या सीखते हैं। एक-दूसरे से लड़ाई कब्जे के लिये। जो आदमी कब्जा जमाता है :

He is going down. All expansion is life. All contraction is death. All love is expansion. All self interest is contraction. Love is, therefore, the only law of life. He who loves lives, he who is selfish is dying. Therefore, love for lives sake, because it is the law of life.

हिन्दुस्तान में जो हरिजन हैं वह महात्मा गांधी के फौलोवर्स हैं। सबसे कम लेते हैं और सोसाइटी को सबसे ज्यादा देते हैं। ऐसे ही आदमी इस मुल्क के रूलर होंगे, उन्हें कोई नहीं रोक सकता। इसलिये कोई जरूरत नहीं है परमात्मा का डंडा अपने आप चल रहा है, आपस में लड़-लड़ कर मर रहे हैं और आखिर में हरिजनों का राज होगा।

He will become the ruler. (*Interruptions*) Let the evil take its natural course.

नौकरियां, मिनिस्ट्रीज और जमीन सब अमीर लोगों के लिये हैं और सारी बदमाशियां भी इनके लिये ही हैं। ये सारी चीजें करते हैं और फिर मंदिर गुरुद्वारे जाते हैं। मंदिर गुरुद्वारों के खिलाफ महात्मा गांधी थे। वहां ईवल प्रैक्टिस होती है, वहां बुरी हालत है इसलिये मैं मंदिरों में नहीं जाता हूं। पता नहीं यह सोसाइटी क्या करेगी और हिन्दुस्तान का क्या बनेगा ?

हिन्दुस्तान हरिजनों का है। सूरजभान जी, आपको हिन्दुस्तान का मालिक बनना है। यहां हमारी जगह है, दूसरे बाहर से आये हैं और आपस में लड़ रहे हैं। ये आपस में लड़कर मर जायेंगे, खत्म हो जायेंगे। ये कब्जा जमाना चाहते हैं। हम असली हिन्दुस्तान के मालिक हैं। जो नेशनैलिटी हम में है, वह दूसरों में हो नहीं सकती। वह कामयाब हो सकता है जो सोसाइटी से कम लेकर गुजारा करे, जो सोसाइटी को खा ही जायेगा, वह कुछ काम नहीं कर सकेगा। वह नीचे चला जायेगा। महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, गुरु नानक सबका यही उसूल है, पर वे उसूल पर चलते नहीं हैं। परमात्मा के बारे में कहा गया है—

राम किसी को मारे नहीं, ना हत्यारा राम।
अपने आप मर जायेंगे, कर-कर खोटे काम॥

जाट कब्जा जमाना चाहते है, ये कबरिस्तान बनता जायेगा। हिन्दू पैसे के पुत्र हैं। सिवाय पैसे के और इन्हें कुछ काम नहीं है। जहां लड़ाई हुई नहीं, ये दौड़े नहीं।

ये हमारे साथी बड़े अच्छे आदमी हैं, गवर्नमेंट की बड़ी मदद करते हैं। ये समझते हैं जैसे गवर्नमेंट इनके बगैर चलती नहीं। कल ये बड़ा निकम्मा बोले। ऐसे बोले कि गवर्नमेंट डूबने लगी है और ये ही बचायेंगे। अगर गवर्नमेंट का दोस्त ऐसा हो तो दुश्मन की कोई जरूरत नहीं है।

अच्छी बात को सुनना चाहिये। अपोजिशन अच्छा बोलती है। गवर्नमेंट को उसे सुनकर अपने आपको ठीक करना चाहिये। ये कहते हैं कि हम ही ठीक हैं। चाहे बेड़ा डूब जाये, तुम ही ठीक हो ? अपोजिशन इज ए हैल्दी साइन। अगर अपोजिशन कमजोर होगा तो गवर्नमेंट गलती करेगी।

जहां तक हमारा ताल्लुक है, होपफुल हैं। लोग जायदाद, कब्जे और अपने इलाके पर लड़-लड़कर मर रहे हैं।

ये लोग सबसे पहले गुरुद्वारे जायेंगे, माथा टेकने। रास्ते में कोई मर जाये तो उसकी इनको परवाह नहीं, इन्होंने गरीब को रोटी नहीं देनी है, गुरुद्वारे पहुंचना है। साथ में बदमाशियां करनी हैं और शाम को माथा टेकने मंदिर में जाना है। जो मंदिर मस्जिद जाते हैं, आपस में ही लड़ रहे हैं, देख नहीं रहे कि क्या हालत हो रही है। ईश्वर सच्चा है, वह इनको ठीक करेगा। ईश्वर गरीबों की सुनेगा। जो हमारे साथ बेइन्साफी करता है, वह खुद मरता है, दुनिया की कोई ताकत उसको बचा नहीं सकती।

मैं 10-15 साल मिनिस्टर रहा हूं। मैं हरिजनों को यही कहता रहा हूं कि तुमको चाहिये कि जो सिख और हिन्दू बदमाशियां करते हैं, वह तुम न करो ताकि जब मौका मिले तो वह कहें कि हरिजन अफसर लाओ वह जान बचायेगा। ईसाई अफसर अच्छे होते थे।

मैं गांवों में हरिजनों को कहता था—दूसरे लोगों को मैं नजदीक नहीं आने देता था; कुछ लोगों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू से शिकायत कर दी कि सुन्दरसिंह हरिजनों की बात करता है; मैंने जवाब दिया कि अब मैं हरिजन हूं तो हरिजनों की ही बात करूंगा—कि यही तुम्हारे दुश्मन हैं। उस वक्त अपोजीशन नहीं थी। उस वक्त सिर्फ कांग्रेस ही थी। उस वक्त कांग्रेस में कई निकम्मे, अमीर, धनाढ्य आदमी थे, जो लैंड रिफार्म्ज और दूसरे तरक्की के कामों के खिलाफ थे।

संसदीय कार्य, खेल तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री बूटा सिंह) : अब वे अपोजीशन में चले गए हैं।

श्री सुन्दर सिंह : अपोजीशन में शानदार आदमी हैं। उनमें से मैजारिटी हमारे साथ है। हरिजनों को अपने आपमें कान्फिडेंस होना चाहिए। उनको अपने जमीर के मुताबिक चलना चाहिए।

Be not a traitor to your conscience; be sincere and act according to your conscience and you shall surely succeed.

हमारी कान्शेंस बता देती है कि हम ठीक काम कर रहे हैं या गलत काम कर रहे हैं। वही शख्स आगे बढ़ सकता है, जो अपनी कान्शेंस के मुताबिक काम करता है। महात्मा गांधी की तरह हमें अपने आपको ठीक करना चाहिए, अपने आपको सुधारना चाहिए, तभी हम दूसरों का मुकाबला कर सकते हैं।

हरिजन सबसे कम लेते हैं और सबसे ज्यादा देते हैं। बड़ी-बड़ी किताबें पढ़ने वाले

लोग बातें बहुत करते हैं, लेकिन अमल कुछ नहीं करते ।

Knowledge without character is a power for evil only as has been seen in so many instances of talented thieves and gentlemen rescals in the world.

जिस आदमी में कैरेक्टर नहीं होता, वह दूसरों को एक्सप्लायट करता है । परमात्मा देख रहा है कि हमारा एक्सप्लायटेशन हो रहा है । मगर अब हमारी वारी आ रही है । अब हमने आगे बढ़ना है । परमात्मा ने कभी उस कौम की हालत को नहीं बदला, जिसे अपनी हालत का खुद ख्याल न हो । अपनी तरक्की के लिए हमें खुद काम करना होगा । मुझे खुशी है कि ये लोग हमारे साथ ज्यादती करते हैं । इन्होंने खुद मरना है, दुनिया की कोई ताकत इनको नहीं बचा सकती ।

लोग सोशलिज्म की बात करते हैं, मगर उनके खाने में चार-चार सब्जियां होती हैं और वे रोज नये कपड़े पहनते हैं । वे लोग गरीबों की बात करते हैं, लेकिन गरीब बेचारे सड़कों पर पड़े रहते हैं । जो लोग मकान बनाते हैं, उनके लिए टट्टी जाने की जगह नहीं है । यह कितने दुख की बात है । कहा जाता है कि भारत ऋषि-मुनियों की भूमि है । यह तो एक चिंगड़ मोहल्ला है । ये लोग लाफजनी करते हैं । जो किसी को मारता है, वह खुद मरेगा । दुनिया की कोई ताकत उसको नहीं बचा सकती ।

मैंने कल पंजाब की डिस्कशन में हिस्सा नहीं लिया । मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब में जो सिख हैं, उनका यह फर्ज है कि वह सिचुएशन को ठीक करें और हरिजन खराब हैं, तो मैं उनको ठीक करूंगा । मैं हमेशा उन्हें गालियां देता हूं, क्योंकि मुझमें कान्फिडेंस है । जिनके पास कान्फिडेंस है, वे लोंगोवाल और भिंडरांवाले के पीछे क्यों भागते हैं ? इसका मतलब है कि उनमें कमजोरी है । वे उस कमजोरी को दूर करें ।

कहते हैं कि मैजारिटी है । मैजारिटी क्या है ? मैजारिटी उनकी है जो लड़ाई करते हैं । तुम्हारी मैजारिटी कहां है ? सिखों का मामला है तो सिख ही उसको ठीक करें, हिन्दुओं का मामला हिन्दू ही ठीक करें और हरिजनों का मामला होगा तो हम उसको ठीक करेंगे ।

इन शब्दों के साथ मैं यही कहना चाहता हूं कि जो बिल लाया गया है वह बहुत अच्छा बिल है । एक अलग से मिनिस्ट्री बननी चाहिए । लेकिन जो मिनिस्ट्री आयेगी वह भी नहीं करेगी, इसलिए मैं कहता हूं अपनी गवर्नमेंट ही बननी चाहिए ।

श्री आर.एन. राकेश (चैल) : दुनिया की डिक्शनरी में रिजर्वेशन शब्द का मतलब कुछ भी हो लेकिन यहां सरकारी डिक्शनरी में शेड्यूल्ड कास्ट, शेड्यूल्ड ट्राइब्ज, माइनारिटीज और बैकवर्ड क्लासेज के लिए रिजर्वेशन का मतलब है धोखा देना, झांसा देना—इससे अधिक कुछ भी नहीं है । डाक्टर गोपाल सिंह कमीशन ने अपनी रिपोर्ट 6 महीने पहले सरकार को दे दी, सरकार की ओर से इस सदन में यह आश्वासन भी दिया गया, 1983 के अंतिम सत्र में कि डा० गोपाल सिंह रिपोर्ट पेश कर दी जायेगी लेकिन वह सत्र चला गया, साल चला गया वह रिपोर्ट पेश नहीं की गई । आज मुल्क के करोड़ों अल्पसंख्यक डा० गोपालसिंह कमीशन रिपोर्ट का अंजाम पाने के लिए इस सदन की ओर देख रहे हैं लेकिन इस सरकार ने गांधी के तीन बन्दरों की तरह आंख, मुंह और कान बन्द कर लिए हैं । मण्डल कमीशन की रिपोर्ट का अंजाम भी आपके सामने है । गांधी के तीनों बन्दर कहते थे— बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत कहो । रिजर्वेशन शब्द शेड्यूल्ड

कास्ट, शेड्यूल्ड ट्राइब्स, माइनारिटीज और बैकवर्ड क्लासेज के लिए शायद बुरा हो इसी लिए तीनों बन्दरों की तरह सरकारी पक्ष की ओर से आंख, मुंह और कान बन्द कर लिए गए हैं।

बलिहारी है डा० अम्बेडकर की जिन्होंने शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के आरक्षण की बात संविधान में रखवा दी थी वरना इस आरक्षण की हालत भी शायद वही हुई होती जोकि आज माइनारिटीज और बैकवर्ड क्लासेज के आरक्षण की हो रही है। संविधान में मोहर लगने के बाद भी आज 37 साल की आजादी के बाद यह सरकार शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के आरक्षण के प्रति कितनी सजग है उसके उदाहरण इस बिल को पेश करते समय, सूरजभान जी ने यहां पर कई विभागों के आंकड़ों के साथ पेश किए थे।

मैं और चीजों के ब्यौरे में न जाकर बैंकों में आरक्षण की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा :

CENTRAL BANK OF INDIA

Scheduled Castes	Percentage
Scheduled Caste Officers	1.398
Clerks	12.87
Subordinate staff (excluding sweepers)	14.47
Scheduled Tribes	
Scheduled Tribe Officers	0.27
Clerks	2.43
Subordinate staff (excluding sweepers)	2.64

BANK OF INDIA : percentage of Scheduled Castes : officers 8.418, clerks 11.13, subordinate staff excluding sweepers 17.58.

ST : officers 3.00, clerks 3.36, subordinate staff 4.29.

PUNJAB NATIONAL BANK : SC—officers 7.099, clerks 14.54, subordinate staff 17.38.

ST—officers 1.31, clerks 1.50, subordinate staff 3.70.

BANK OF BARODA : SC—officers 6.412, clerks 12.48, subordinate staff 19.03.

ST—officers 0.87. clerks 1.30, subordinate staff 4.92.

UNITED COMMERCIAL BANK : SC—officers 3 035, clerks 8.25, subordinate staff excluding sweepers 18.45.

ST—officers 0.55, clerks 1.17, subordinate staff 2.58.

15.57 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

CANARA BANK : SC—officers 4.323, clerks 13.68, subordinate staff excluding sweepers 16.00

ST—officers 1.40, clerks 2.95, subordinate staff 2.97.

UNITED BANK OF INDIA : SC—officers 5.527, clerks 17.31, subordinate staff 12.96.

ST—officers 0.88, clerks 0·95, subordinate staff excluding sweepers 1.44.

DENA BANK : SC—officers 4.190, clerks 13.30, subordinate staff excluding sweepers 25.73.

ST— officers 1.47, clerks 3.44, subordinate staff 8.07.

SYNDICATE BANK : SC—officers 6.384, clerks 11.95, subordinate staff including sweepers 24.54.

ST—officers 1.22, clerks 3.28, subordinate staff 5.88.

UNION BANK OF INDIA : SC—officers 2.967, clerks 15 33, subordinate staff 28.11.

ST —officers 0.55, clerks 1.16, subordinate staff 2.71.

ALLAHABAD BANK :

SC—Officers	3.029
Clerks	12.99
Subordinate Staff	20.58
	including sweepers
ST—Officers	0.52
Clerks	0.97
Subordinate Staff	1.57

INDIAN BANK :

SC—Officers	6.866
Clerks	13.00
Subordinate Staff	28.96
	including sweepers
ST—Officers	2.43
Clerks	2.99
Subordinate Staff	4.25

सभापति महोदय : क्या सब पढ़ेंगे ?

श्री आर० एन० राकेश : मैं जल्दी खत्म करूंगा, यह बहुत गम्भीर चीज है। ये सारे बैंकों के आंकड़े हैं। इस प्रकार—

Total number of employees	1;61,631
Total number of SC employees	7,463
Percentage	4.6
Total number of Scheduled Tribes	1,741
Percentage	1.09

CLERKS

Scheduled Castes	total 12.9%
Scheduled Tribes	2.06%
Subordinate Staff	
Scheduled Castes	22.4%
Scheduled Tribes	4.2%

रेल विभाग केन्द्रीय सरकार का सबसे बड़ा महकमा है, लेकिन इसमें भी किसी क्लास और किसी भी कैटेगरी में शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का कोटा पूरा नहीं है। खुद रेलवे विभाग में 26 रेलवे सर्विस कमीशन हैं लेकिन किसी भी कमीशन का चेअरमैन शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का आदमी नहीं है। अभी हाल में मौजूदा रेल मंत्री ने कुछ नाम रिकमेण्ड किये हैं जिनसे आपको मालूम हो जायगा कि शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के प्रति वे कितने जागरूक हैं। इन्होंने पिछले दिनों 6 रेलवे सर्विस कमीशनों के लिये चेअरमैनों के नाम रिकमेण्ड किये, लेकिन उनमें एक भी शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का आदमी नहीं है। सारे हिन्दुस्तान में इनको एक भी शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का कम्पीटेंट आदमी नहीं मिला। कैसे-कैसे लोगों को रिकमेण्ड किया है—उसको भी सुन लीजिये। एक आदमी का नाम दो बार रिजैक्ट हो चुका है—अण्डर-एज होने के कारण, लेकिन फिर भी उसके नाम को रिकमेण्ड किया गया। एक आदमी के बारे में मैं दावे के साथ कहता हूं—उसका नाम थाने में हिस्ट्री-शीटर के रूप में दर्ज है, पाकेटमारी में 6 महीने की सजा काट चुका है, लेकिन उसका नाम भी रेलवे सर्विस कमीशन का चेअरमैन बनाने के लिये यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन को एप्रूवल के लिये भेजा गया।

श्री सूरजभान (अम्बाला) : जब कैण्डीडेट्स आयेंगे तो उनकी जेब काटेगा।

श्री आर०एन० राकेश : अब जहां तक जुडीशियरी का सवाल है--जहां लोगों को इन्साफ मिलता है, वहां सर्विस में शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को इन्साफ नहीं मिल पाया है। सुप्रीम कोर्ट से लेकर किसी भी हाई कोर्ट में शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों का नौकरी में आरक्षण का कोटा पूरा नहीं है। मैं एक छोटा सा उदाहरण इलाहाबाद हाई कोर्ट का देता हूं। वहां जजेज के बीच में यह तय कर लिया गया है कि शेड्यूल्ड कास्ट का कोई भी जज वहां आने नहीं देंगे। वहां पर 20 जजेज की नियुक्ति के

लिये नाम रिकमेण्ड हुए हैं लेकिन उनमें शेड्यूल्ड कास्ट्स के एक भी आदमी का नाम रिकमेण्ड नहीं किया गया है। 1971 में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दे दिया था कि शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को प्रमोशन में भी रिजर्वेशन दिया जायगा।

मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि वे एक भी महकमे का नाम बता दें, सेन्ट्रल गवर्नमेंट के किसी भी एक महकमे का नाम बता दें, जिसमें सीनियर क्लास 1 में प्रोमोशन में रिजर्वेशन दिया गया हो। कहीं नहीं दिया जा रहा है। यू०पी०, हरियाणा और राजस्थान की सरकारों ने तो जैसे इस पर बैन लगा दिया हो कि प्रोमोशन में रिजर्वेशन नही देना है।

एफीशियेन्सी के बारे में आर्टीकिल 335 की बात कही जाती है कि शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों के रिक्रूटमेंट से वर्क की एफीशियेन्सी में कमी आ जाती है लेकिन मैं कहता हूं कि संविधान में जिस समय यह बात रखी गई थी, तो एक पाक इरादे से रखी गई थी लेकिन उस इरादे को आज लोगों ने नापाक कर दिया है। मैं पूछना चाहता हूं कि डा० अम्बेडकर जब कांस्टीटुयेन्ट एसेम्बली के चेयरमैन बनाए गये थे, तो वर्क में कौन-सी इनएफीशियेन्सी आ गई थी और बाबू जगजीवन राम जी जिस भी महकमे में गये, वहां उनको फार्चूनेट मिनिस्टर कहा जाता था और उनको एक फार्चूनेट मिनिस्टर के रूप में प्रसिद्ध मिली। उनके मिनिस्टर रहने से कौन से काम में इन-एफीशियेन्सी आ गई थी और इस सदन मे भी आप देखें। हमारे राम विलास पासवान जी हैं, जगपाल सिंह जी हैं और श्री सूरजभान हैं और चाहे इधर के सदस्य हों और चाहे उधर के सदस्य हों, जो आरक्षित सीटों पर लड़कर लोग आए हैं, उनसे क्या पार्लियामेंट के काम में कोई इनएफीशियेन्सी आई है।

मैं आपको बता देना चाहता हूं कि तेनसिंह का एवरेस्ट की चोटी पर सबसे पहला कदम पड़ा और वह आदिवासी था। 1965 में पाकिस्तान के 6 अमरीकी बोम्बर जेट्स को जिसने मार गिराया था, वह करनसिंह राजू था और वह शेड्यूल्ड कास्ट का था। जब आप इनएफीशियेन्सी की बात करते हैं, तो मुझे वही बात याद आ जाती है कि सास स्टोर को बन्द करके चली जाती है और बहू से कहती है कि तुम खाना बना लेना। जब स्टोर का दरवाजा खुलेगा, तभी बहू खाना बना सकती है। इसी तरह से मेरा कहना यह है कि आप हमारे लिए दरवाजा तो खोलिए, आप हमारे लिए कानून बनाइए और हम अच्छे ढंग से उसको चला सकते हैं। रूल बनाना कठिन है और रास्ते पर चलना आसान है। मेरा तो कहना यह है कि सरकार शेडयूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के कोटे को पूरा ही नहीं करना चाहती है। आप सेन्ट्रल गवर्नमेंट के किसी भी विभाग का नाम बता दीजिए, जिसमें शेड्यूल्ड कास्ट्स और और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का पूरा कोटा भरा गया हो। आप बीस-सूत्री कार्यक्रम की बात करते हैं और इसके लिए बड़ा हंगामा मचाते हैं। आप यही बता दीजिए कि बीस-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत हिन्दुस्तान में किसी भी शेड्यूल्ड कास्ट या शेड्यूल्ड ट्राइब्स के आदमी को भर्ती किया गया हो और उसको रिजर्वेशन का फायदा पहुंचा है। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि इस आरक्षण को भरने के लिए, जिन लोगों ने संविधान की अवहेलना की है और शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के कोटे को नहीं भरा है, आप बता सकते हैं कि इन 37 सालों में आपने किसी भी अधिकारी को दंडित किया हो या सिम्पिल वार्निंग दी हो। इसलिए मेरा कहना यह है कि जिन लोगों ने ऐसा नहीं किया है, उनको आप दंड दीजिए। 37 वर्षों के बाद शेड्यूल्ड कास्ट्स का कोटा कितना भरा जाना

चाहिए, किस कैटेगिरी में भरा जाना चाहिए था और कितना अभी तक नहीं भरा गया है और क्यों नहीं भरा गया है और कौन इसके लिए जिम्मेवार है और कितने लोगों को दंडित किया गया है, इसके बारे में एक व्हाइट पेपर निकालिये। डा० अम्बेडकर ने इन हालात से दु:खी होकर अपने अन्तिम समय में कहा था कि इस संविधान को मैंने मन्दिर के लिए बनाया था लेकिन यह संविधान मंदिर में न पहुंचकर शैतान के हाथों में पहुंच गया है। इसलिए आरक्षण के हितों की रक्षा नहीं हो पा रही है।

अन्त में मैं सूरजभान जी को बधाई देता हूं कि वे एक ऐसा विधेयक लाएं क्योंकि सरकार ऐसे बिल को लाने में नाकामयाब रही है।

लेकिन आपने इस बिल को पेश करके सोती हुई सरकार को जगाने का काम किया है। मेरा निवेदन है कि गांधी के बंदर न बनो। आंखें, कान और मुंह बंद मत करो। हालात को देखो। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI XAVIER ARAKAL (Ernakulam): Mr. Chairman, Sir, this subject of job reservation for SC and ST and backward communities has a chequered history in this country.

Our land is a land of castes and classes. In this context, we have to examine how far justice is done to these communities because nearly 85% of our population consists of scheduled castes, scheduled tribes and backward communities.

Sir, if you examine the history of this major section of the Indian society, you will find that there was a struggle in 1873 in Maharashtra for the job reservation for scheduled castes and scheduled tribes and backward communities.

If you analyse the history from 1873 onwards you will find that in Mysore State in 1880 the Maharaja of Mysore issued an order reserving 75% of the job to the scheduled castes, scheduled tribes and other backward communities.

If you look to the history of the then Madras State there again you will find that in 1960 Shri P. T. Chettiar and Dr. T.M. Nair started a mass upsurge, a big popular movement, for justice being done to these communities. As a result of that, the Justice Party was formed; in the year 1920 they came to power. When they came to power, they issued various orders reserving jobs for this major section of the Indian population.

But that could not be implemented due to the severe resistance and objection of the upper class Hindus. Nevertheless the spirit was really put into more effective force by E.V.R. in 1960.

Now, if you look at the history of the South versus North in the matter of job reservation you will find that the South has been in the forefront of job reservation for weaker sections in contrast with the situation obtaining in the North.

Going into some of the writings, I find that the situation was very, very bad indeed in the North, until Dr. Ram Manohar Lohia started a sincere effort to give some sort of solace to this section of our society. However, he could not succeed. In Bihar, in U.P, Maharashtra and other States, they could not do much in this field. Why has this thing happened? It happened in the South; it has not happened in the North. That is a subject really worth examining.

Now, Sir, if you recall the events, you will find that the South had the privilege of getting education at an earlier stage due to the dedicated services of the Christian Missionaries there. Therefore, there was a social awareness and there was a feeling that injustice is being done to the majority of the population there, namely, the scheduled castes, and other backward communities.

If you look at the States like Kerala, Karnataka, Tamil Nadu and Andhra, you

will see that there is a better performance in the field of job reservation of these classes.

Sir, our Constitution was framed with the sole object of eliminating discrimination and giving justice, liberty, equality and fraternity to the population.

In that context if you look at the Articles 15, 16, 388, 340, 341 and 342 of the Constitution and again Schedules V and VI of the Constitution, you will find that the Constitution has in a pragmatic way imposes upon the State Governments, Central Government and other authorities to make proper job reservations to various classes of people, that is, Scheduled Caste, Scheduled Tribe and other backward classes of people in the country. But the moot question today is, how far that could be implemented. How far could that job reservation be made for the benefit of this section of people ? If you recall during the freedom movement and after freedom movement, this section of the people and their leaders had been demanding justice for them because the basic philosophy of democracy is to get equal part or role in the administration of the country, that is, the Government. It is not merely to get the monetary benefit alone. Of course, they equally deserve monetary benefits, but above all, they want to involve themselves in the running of the Government in the economic activities of the nation. In that context, I may point out that we have not yet achieved a near target.

My Hon. friends here have highlighted the nominal microscopic percentage of the jobs given to various categories of people. I do not want to go into this aspect in detail. But the question remains : how far can we go on with the present pace we have ? Will the people belonging to this category wait ? How long will they wait ? This is a serious question which we have to consider in the present context. Now, what is happening in certain parts of the nation ? It is nothing but a sign of sickness of our nation. If the majority of the people are not given justice, if the majority of the people do not have voice in the administration of the Government, if the majority of the people do not get benefit from the Government, any amount of legislation that you bring forward for these people will have no meaning. Therefore, I feel that this Bill in that context is very very important indeed.

Sir, I have two basic suggestions to make in this regard. One is the universal education which is a primary necessity for the common people in order to create awareness among the people. As I said earlier, South is much advanced in the field of education. Now, in this connection, I would like to put a pertinent question. How long the State Governments can go on spending their own revenue in the matter of education ? For example, the Kerala Government is spending nearly 47% of their revenue on education alone. Has any other State Government determined to spend that much money on education ? How long can they meet this expenditure ? This is an area where the Central Government should do a lot, by way of giving sufficient assistance for education of Scheduled Caste and Scheduled Tribe and other backward classes. If you make an attempt in that area, I think we can improve a lot, especially the conditions of the weaker sections.

Another important aspect which we have to examine is the economic emancipation of the weaker sections of the people.

I know, there are various schemes for the upliftment of this class. At the same time, many of these schemes are being implemented by the State Governments. We have to ask : Do we have a monitoring system to see how far the economic schemes beneficial to this section of the people are being implemented sincerely ? Who are the beneficiaries ? Therefore, the corollary to the education aspect is the need for the economic emancipation of the scheduled castes, scheduled tribes and backward communities. In that context, the 20 Point Programme has a valuable contribution to make. Out of these 20 Points, 18 of them have to be implemented by the State Governments. If these points are sincerely implemented, this section will be benefitting much more, and at the same time, we should endeavour to preserve the culture and tradition of the scheduled castes and scheduled tribes. At present, this is being eroded closely due to the various reasons, but ours is a great culture and great nation,

and we must preserve the traditional, cultural heritage of these people.

At the same time, we must have proper job training and equal distribution of the jobs instead of concentration in any area. If we do this, I think, many of the things which my Hon. friend has mentioned in his Bill can be effectively implemented. He has mentioned about reservation of vacancies in posts and services for scheduled castes and scheduled tribes only. What about the backward classes? They are also a major part of this nation. My submission is that the spirit of the Bill should be appreciated, and I hope, the Government will come forward with more concrete steps to see that proper job reservation is done for these three classes, namely, the scheduled castes, scheduled tribes, and also the backward communities.

With these words, I support the spirit of the Bill.

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार) : सभापति जी, सबसे पहले मैं माननीय श्री सूरजभान जी को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने इतना महत्वपूर्ण बिल इस सदन में प्रस्तुत किया है और जिसका सम्बन्ध इस मुल्क की लगभग एक-चौथाई आबादी से है। माननीय मंत्री जी यहां पर बैठे हुए हैं, मैं उनके ध्यान में लाना चाहूंगा कि यदि सरकार ने इस बिल को पास करने की कोशिश नहीं की तो इस मुल्क में इसकी रिपरकशन बड़ी भयानक होगी। क्योंकि संविधान को बनाने वाले स्वर्गीय बाबा साहेब डा० अम्बेडकर ने इस मुल्क की एकता के लिए जो बलिदान दिया था, माननीय मंत्री जी को भी मालूम है कि इस देश में मेहनतकश लोग रहते हैं और बाबा साहेब डा० अम्बेडकर के सतत संघर्ष के बाद अंग्रेजों ने यहां कम्यूनल एवार्ड घोषित किया था, उस कम्यूनल एवार्ड का मकसद यही था कि इस मुल्क में जो लोग हजारों-हजारों साल से दबे-पिसे चले आ रहे हैं उनको भी कुछ संविधान के अंदर अधिकार दिए जाएं, हमारे संविधान में उनका प्रावधान हो और रिजर्व्ड सीट से चुनकर आने वाले लोगों को सिर्फ हिन्दुस्तान के शैड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग ही चुनें। गांधी जी के जीवन को बचाने के लिए डा० अम्बेडकर ने जो बलिदान दिया, वह स्मरणीय घटना है। यदि उन्होंने वह बलिदान न किया होता तो जहां एक ओर पाकिस्तान हमारे मुल्क में बना, दूसरी ओर अछूतिस्तान की बुनियाद भी पड़ चुकी थी। परन्तु उन्होंने बड़ी समझदारी से काम लिया। लेकिन अफसोस है कि संविधान बनने के बाद, जिस पार्टी की भी सरकार इस देश में रही, उन सरकार में बैठने वाले लोगों के दिमाग में इस मुल्क की एक-चौथाई जनता को उन्नत करने की आज तक कोई मंशा या इरादा नहीं है।

इसलिये मैं शुरू में ही कहना चाहता हूं, मैं जानता हूं कि आप माननीय सूरजभान के इस बिल को पास नहीं करेंगे। तो आप ही ऐसा बिल ले आयें। आज सर्विसेज में इनके साथ क्या हो रहा है इसको अछूतवर्ग के लोग अच्छी तरह से समझते हैं। चाहे अपोइन्टमेंट हो, प्रोमोशन हो सब जगह उनके साथ अन्याय किया जाता है। हम लोग शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स कमेटी के सदस्य रहे हैं, उस नाते देश के हर संस्थान में देखा है, इनके साथ न्याय करने के लिये कोई अधिकारी तैयार नहीं है। इसलिये माननीय सदस्य के बिल को पास करके ऐक्ट बनाना जरूरी है। एस. सी. टी. सी. ने डिमान्ड किया था कि ओ. एन. जी. सी. बोर्ड की तरह इस कमेटी को भी पावर होनी चाहिये ताकि अगर किसी विभाग के अन्दर रिजर्वेशन पूरा नहीं हुआ है तो उस विभाग के अधिकारी के खिलाफ यह कमेटी ऐक्शन ले सके। इस बिल में 15 दिन की सजा का प्रावधान है। मैं समझता हूं कि जो अधिकारी इस देश की एक बटे चार पोपुलेशन को जानवरों की तरह रखना चाहता है, ऐसे अधिकारियों के खिलाफ

15 दिन की सजा कम है। लेकिन चूंकि माननीय सूरजभान का कहना है कि कंडक्ट रूल्स के मुताबिक अगर किसी अधिकारी को एक दिन भी सजा हो जाय तो वह सर्विस में नहीं रह सकता, इसलिये मैं इस प्रोवीजन से सहमत हूं। ऐसे लोगों को तो अवश्य ही जेल भेजा जाय।

ऐंटी रिजर्वेशन मूवमेंट देश में चला और शेड्यूल्ड कास्ट और ट्राइब्स लोगों का देश की नौकरियों में क्या परसेंटेज है ? हायर सर्विसेज में 2-3 परसेंट से ज्यादा लोग नहीं हैं। चौथी लोकसभा में श्री पेरुमल कमेटी की संस्तुति थी कि एक ऐसा ऐक्ट बनना चाहिये जिसमें रिजर्वेशन की गारन्टी हो और जो इम्प्लीमेंट न करे उसको सजा दी जानी चाहिये। शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स कमिश्नर की 26वीं रिपोर्ट सरकार के पास है उन्होंने कहा है कि ऐसा ऐक्ट इमप्लीमेंटेशन रिजर्वेशन का करने के लिये बनना चाहिये। लेकिन अभी तक नहीं बना। हमारी पार्लियामेंटरी कमेटी की रिपोर्ट में सिफारिश है कि रिजर्वेशन को पूरा करने के लिये कानून बनना चाहिये। 3 प्रदेशों की सरकारों ने ऐसा ऐक्ट बना रखा है—उड़ीसा, मणिपुर और वेस्ट बंगाल। जो सरकारें केन्द्र के अधीन चल रही हैं वह कानून बना सकती हैं। लेकिन नहीं। मंत्री जी खुद इस जाति से सम्बन्धित हैं। आप ही ऐसा कमप्रीहेंसिव बिल लायें ताकि आने वाले समय में शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स की सर्विसेज में सुरक्षा हो।

मैं नाम नहीं लेना चाहता, जो गवर्नर संविधान के खिलाफ भाषण देता हो, वह चाहे गवर्नर हो या मंत्री हो, ऐसा प्रावधान होना चाहिये कि ऐसे आदमी को हथकड़ी लगाकर के तुरन्त जेल भेजा जाय। लेकिन सरकार इस मामले में चुपचाप बैठी देखती रहती है।

आर्टिकिल 335 पर जब डिबेट चल रही थी डा० अम्बेडकर ने खुद कहा था कि रिजर्वेशन सिर्फ सर्विसेज में नहीं, पोस्ट में होना चाहिये और मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं हमने शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स कमेटी के सामने एक मिलिटरी अफसर को तलब किया वह यह कह कर चला जाय कि रिजर्वेशन देकर इस मुल्क की एकता को खतरा हो सकता है और हम कुछ नहीं कर सके, कितने अफसोस की बात है। उस वक्त हमें पावर नहीं थी। अगर हमें पावर होती तो उस अधिकारी के खिलाफ हम उसी वक्त ऐक्शन ले सकते थे। लेकिन पार्लियामेंटरी कमेटी के सामने अफसर ऐक्यूज करके चला जाय। अगर हायर सर्विसेज में हिन्दुस्तान में आदिवासियों को पोस्ट देंगे तो मुल्क को खतरा होगा ? खतरा इससे नहीं है। अगर आपने एक-चौथाई पापूलेशन को बराबर की इन्सानियत का दर्जा नहीं दिया तो यह मुल्क आज नहीं तो कल टूट जायेगा। खालिस्तान की मांग करने वाले लोग इस मुल्क को तोड़ें या न तोड़ें लेकिन एक-चौथाई पोपूलेशन जानवरों की तरह पैदा होगी और जानवरों की तरह मर जायेगी तो इस मुल्क को खतरा उससे हो सकता है।

आर्टिकल 335 के बारे में सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट में सुप्रीम जस्टिस सुब्बा राव और जस्टिस कृष्णा अय्यर ने बाकायदा फैसला दिया था और कांस्टीट्यूशन के आर्टिकल के अगेन्स्ट जो ये लोग गये हैं, आर्टिकल 335 में 'कंपीटेन्सी सब्जेक्ट टू मेन्टेनिंग एफीशिएन्सी, इसके खिलाफ जजमेंट है। इसलिये मैं मांग करता हूं कि कांस्टीट्यूशन के इस आर्टिकल में से ये शब्द हटाये जायें। कंपीटेंसी और एफीशियेंसी मेन्टेन करने के नाम पर अगर शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के साथ इस मुल्क में ज्यादती होगी तो इस मुल्क का संविधान भी ज्यादा दिन नहीं बच सकता।

रिजर्वेशन के बारे में कांस्टीट्यूशनली इस पार्लियामेंट को पावर है, पार्लियामेंट सौवरन है।

कांस्टीट्यूशन के आर्टिकल 246 के 7वें शेड्यूल्ड के अनुसार हमारी पार्लियामेंट बिल्कुल कम्पीटेंट है कि ऐसा बिल लेकर आये और ऐसा कानून बनाये कि शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को सर्विसेज में अपमान का सामना न करना पड़े। मैं आंकड़े नहीं देना चाहता, लेकिन हमारी शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स कमेटी की रिपोर्ट है जो पार्लियामेंट को दी गई है। उसने रिकमेंड किया है कि ऐसा ऐक्ट बनना चाहिये जिसमें पावर हो हिन्दुस्तान की इन हायर कम्युनिटी के अफसरों के खिलाफ ऐक्शन लेने की।

मिलेट्री में बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के जमाने में महार और चमार रेजीमेंट थीं। मैं मांग करता हूं कि इस मुल्क में जाति के नाम पर रेजीमेंट नहीं रहनी चाहियें। चाहे वह सिख हो, जाट हो, डोगरा हो, हमारे मुल्क में बिरादरी और धर्म के नाम पर अगर रेजीमेंट बनें तो मैं उसका विरोध करता हूं लेकिन अगर सरकार जातियों के नाम से रेजीमेंट रखना चाहती है तो जो रेजीमेंट महार और चमार खोले गये थे, जिनको खत्म कर दिया गया था, मेरा निवेदन है कि सरकार उनको दोबारा खोले ताकि मिलेट्री में हमारे लोग जायें, हथियार चलाना सीखें, घरों पर आने पर अपने घरों की सुरक्षा करें। रिटायर होने के बाद उनमें हौसला होगा और जो हरिजनों पर एट्रोसिटीज, दमन, कत्ल और जिन्दा जलाने की घटनाएं होती हैं, वह खुद उनका मुकाबला करें।

इसलिये मैं इस बिल का समर्थन करता हूं, माननीय सूरजभान जी ने जो हिम्मत की है, ऐसा बिल लाने की मैं उनका समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि सरकार इस बिल को पास करेगी।

श्री रामप्यारे पनिका (रावर्टसगंज) : सभापति महोदय, मैंने इस बिल पर जब से बहस शुरू हुई है, तब से माननीय सदस्यों के विचारों को सुन रहा हूं। मैंने इस बिल को लाने वाले माननीय श्री सूरज भान जी को भी सुना है। इसलिये बहुत बड़े आंकड़ों में न जाकर में कुछ बुनियादी बातों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

कुछ कहने के पहले मैं माननीय सूरजभान जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह इस बिल को लाये और हम लोगों को ऐसे विषय पर बहस करने का मौका दिया। आज देश में काफी संख्या में ऐसे लोग हैं। हमारे भाई श्री जगपाल सिंह जी ने 25 प्रतिशत कहा है। मैं इसमें उनको भी शामिल करता हूं जो माइनोरिटी में हैं और अत्यन्त पिछड़े वर्ग के हैं। सबको मिलाया जाये तो इनकी संख्या 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाती है। क्योंकि मुख्यतः शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स पर ज्यादा ध्यान है, इसलिये इनकी बात भी किसी हद तक सही है।

यह सही है कि पिछले 37 वर्षों में रिजर्वेशन को पूरा करने के लिए कई प्रयास हुए हैं और इस सम्बन्ध में जो कमियां तथा खामियां हैं, उनकी जांच करने के लिए केन्द्रीय सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा बहुत सी समितियां भी बनाई गई हैं। शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के कमीशनों की रिपोर्टें भी आती रही हैं। लेकिन दुख है कि अभी हम सर्विसिज की किसी भी कैटेगरी में निर्धारित 18 प्रतिशत और 7½ प्रतिशत रिजर्वेशन पूरा नहीं कर सके हैं। केन्द्रीय विभागों और विभिन्न राज्य सरकारों ने इस सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया है।

आज हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या यह हो गई है कि एक तरफ दूसरे वर्गों के लोगों में

यह भावना फैलाई जा रही है कि हरिजनों और आदिवासियों को सब सुविधाएं दी जा रही हैं और दूसरी तरफ रिजर्वेशन के प्रावधानों को पूरा नहीं किया जा रहा है। हम ईर्ष्या-द्वेष के भाजन बन रहे हैं। ट्रेन, बस और होटल में कई लोग कहते हैं कि सारी सुविधाएं शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स वाले ले जा रहे हैं लेकिन जो हकीकत है, वह आपने आंकड़े से देख ली है। अभी हम बहुत पीछे हैं। दो साल पहले गुजरात में क्या हुआ? एडमिशन को लेकर मामला उठा और कितना खून-खराबा हुआ।

श्री डागा ने कहा है कि मिनिमम क्वालिफिकेशन रखनी चाहिए। इसमें कौन डिफर करता है? लेकिन क्या वह भूल गए हैं कि इस देश में इंजीनियरिंग और मैडिकल कालेजों में डोनेशन्ज से भी एडमिशन होते हैं? उसमें छात्रों के मार्क्स नहीं देखे जाते। लेकिन जब शेड्यूल्ड कास्टस और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का मामला आता है, तो माननीय सदस्य कहते हैं कि उनके लिए कम्मीट करना बहुत जरूरी है। मैं उसे भी मानता हूं, परन्तु यह तब होना चाहिए, जब सबके लिए समान शिक्षा की व्यवस्था हो जाए। क्या आप अपेक्षा कर सकते हैं कि दूर-दराज रहने वाले हरिजनों और आदिवासी, जो ऐसे स्कूलों में पढ़े हैं, जिनका स्तर बहुत निम्न है, उन लोगों के सामने प्रतियोगिता में टिक सकेंगे, जो पब्लिक स्कूल या कनवेन्ट में पढ़े हैं? क्या आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से सक्षम लोगों की तुलना उन लोगों से की जा सकती है, जो सदियों से दलित, पीड़ित और शोषित रहे हैं?

हमने संविधान में समता का अधिकार दिया है। लेकिन जब तक उस अधिकार को प्राप्त करने का साधन समान न हो जाए, तब तक रिजवेशन की व्यवस्था को जारी रखना पड़ेगा।

अभी माननीय सदस्य ने कहा कि इस सम्बन्ध में कुछ सांविधानिक कदम उठाने चाहिएं। केवल कानून बना देने से काम नहीं चलेगा। डा. अम्बेडकर ने संविधान बना दिया। आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज की नीयत और सोचने के तरीके में परिवर्तन लाया जाए। देश में बहुत से कानून हैं, जिनका पालन नहीं हो रहा है। इस बारे में कड़े कदम उठाने होंगे।

माननीय सदस्य ने इस बिल में जो दंड देने की व्यवस्था की है, वह कम है, शायद इसलिए कि कहीं ज्यादा कड़ा दंड रखने से लोगों की भावनाएं और न भड़क उठें और हमारा जीना भी दूभर हो जाए। एडमिनिस्ट्रेटिव आर्डर्स के द्वारा कड़ाई की जा सकती है। विभिन्न विभागों द्वारा ऐसे जी ओज जारी किए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि जो अधिकारी शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के रिजर्वेशन को पूरा नहीं करेगा, उसको दंडित किया जाएगा, उसकी चरित्र-पंजिका में एन्ट्री की जाएगी। हमें सारे हिन्दुस्तान का दौरा करने और विभिन्न विभागों की जांच-पड़ताल करने का अवसर मिला है। हमने कहीं यह नहीं पाया कि किसी भी अधिकारी की चरित्र-पंजिका में एन्ट्री की गई हो कि उसने रिजर्वेशन पूरा नहीं किया है। मंत्री महोदय को इस स्थिति में कड़े कदम उठाने होंगे। रिजर्वेशन को अनिश्चित काल तक जारी नहीं रखा जा सकता। सरकार इस बारे में टाइम-बाउण्ड प्रोग्राम बनाए और रिजर्वेशन को पूरा न करने वाले अधिकारियों के लिए दंड की व्यवस्था करे।

जहां तक प्रमोशन में रिजर्वेशन की बात है उसके सम्बन्ध में भी मैं एक बात कहना चाहूंगा। तीन साल तक तो इनके करैक्टर रोल

ठीक रहते हैं लेकिन ई.वी. क्रास कर लेने के बाद उनके करैक्टरोल में लिख दिया जाता है "अनसेटिसफैक्टरी"। अभी बाम्बे में एक रेलवे कर्मचारी था जोकि बहुत अच्छा काम कर रहा था, 4-5 साल तक उसका करैक्टर रोल बहुत अच्छा काम कर रहा था लेकिन उसके बाद प्रमोशन के टाइम पर उसके करैक्टर रोल में लिख दिया गया कि उसका वर्क सेटिसफैक्टरी नहीं है और उसकी बिना पर उसका प्रमोशन रोक दिया गया। श्रम मन्त्री ने भी एक बार यह कहा था कि प्रमोशन के लिए एक स्टीयरिंग कमेटी का निर्माण होना चाहिए ताकि इस तरह से उनके करैक्टर काल खराब करके प्रमोशन रोके जा सकें।

इनकी आर्थिक उन्नति कैसे की जाए—इस सम्बन्ध में भी मैं कुछ निवेदन कर देना चाहता हूं। आज सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट की ओर से इनके उत्थान के लिए जो विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं — आई.आर.डी.पी., एन.आर.ई.पी. स्पेशल काम्पोनेन्ट प्लान, सब टाइबल प्लान वगैरह—उनकी मानिटरिंग होम मिनिस्ट्री की तरफ से नहीं की जा रही है। मैं इस बात को मानता हूं कि इन कार्यक्रमों के लक्ष्य पूरे करने में कांपटीशन राज्यों में चल रहे हैं लेकिन जो हम वास्तव में उन लोगों तक सुविधाएं पहुंचाना चाहते हैं वह उन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। इस साल इन कार्यक्रमों का बड़ा अच्छा टेम्पो बना है लेकिन इनकी सफलता के लिए यह आवश्यक है कि इनकी मानिटरिंग यहां होम मिनिस्ट्री की ओर से की जाए। हम यह भी चाहते हैं कि शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड टाइब्स के लिए एक अलग से फुलफ्लेज्ड मंत्रालय की स्थापना की जाए।

इसी के साथ-साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि कई वर्षों से शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड टाइब्स की लिस्ट को संशोधित करने का प्रश्न चल रहा है। 15 सालों से केन्द्रीय सरकार राज्यों से रिपोर्ट मंगवा रही है लेकिन अभी भी 6 राज्यों ने रिपोर्टें नहीं भेजी हैं। मैं समझता हूं केन्द्र को ताकत अपने हाथ में लेनी चाहिए और इस तरह से राज्यों के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। अगर उत्तर प्रदेश से लिस्ट आ गई है और कोई झगड़ा नहीं है तो उसको मान लेना चाहिए। इसके अलावा विरोधी दल के लोग जो राजनीतिक प्रश्न उठाते हैं, जैसे मंडल कमीशन की बात है तो उसकी भी जिन संस्तुतियों को माना जा सकता है, उनको मान लिया जाना चाहिए। दक्षिण भारत तथा अन्य कई राज्यों में भी इसके आधार पर रिजर्वेशन मिल रहा है तो सारे देश के स्तर पर भी इसको मान लेने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

इसी प्रकार हमारे देश में प्राइवेट सेक्टर में जो औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं, जिनमें हमारे देश की वित्तीय संस्थाओं, बैंकों का 30 हजार करोड़ रुपया लगा हुआ है वह अभी कोई रिजर्वेशन नहीं दे रहे हैं। मैं कहता हूं कि कम-से-कम जिन निजी उद्योगों में लोन या अनुदान दिया गया हो, हमारी वित्तीय संस्थाओं की ओर से वहां पर सरकारी विभागों की तरह से आरक्षण लागू करने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए।

जहां तक इस बिल का सम्बन्ध है, इसकी कुछ धाराओं से तो मैं सहमत नहीं हूं लेकिन अगर यह उड़ीसा में हो गया है, बंगाल में हो गया है तो यहां पर भी कोई-न-कोई व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे कि समयबद्ध रिजर्वेशन पूरा कराने के लिए आपको पावर मिल सके वरना आप जानते ही हैं आज यह प्रश्न बड़ा संवेदनशील होता जा रहा है और आज राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से भी इस बात की आवश्यकता है कि 70 करोड़ लोगों में जिसको जिस प्रकार की दवा की आवश्यकता हो वह दवा उसको दी

जाए ताकि सभी समान रूप से इस देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकें।

इन पिछड़े हुए लोगों को ऊपर उठाने के लिए आपको अधिक करना पड़ेगा। जैसे कि परिवार में जब एक आदमी बीमार पड़ जाता है, तो उसको अच्छी दवायें और टोनिक दिए जाते हैं, ठीक इसी प्रकार आपको इनको टोनिक देना पड़ेगा। यह उसका प्रजातान्त्रिक हक है।

इन शब्दों के साथ माननीय सदस्य जिस भावना से बिल लाए हैं, उस ओर मंत्री महोदय को निश्चित तौर से कदम उठाने पड़ेंगे। उधर के लोग कुछ राजनीति करते हैं, हम राजनीति नहीं करते हैं। राजनीति के लिए तो देश की सबसे बड़ी नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी हैं, जब रिजर्वेशन समाप्त हो रहा था, तब हमारे देश की नेता द्वारा ही इसको बचाया गया था। जितने राष्ट्रीय कार्यक्रम, चाहे आई. आर. डी., एन.आर.ई.पी., स्पेशल कम्पोनेंट प्लान, सब-ट्राइबल प्लान हैं, ये सब हमने दिए हैं। ये सब गरीब लोगों को ऊपर उठाने के लिए कार्यक्रम हैं। इस बात को उधर के सदस्य भी जानते हैं।

श्री रामविलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति महोदय, हमारे साथी पनिका जी ने कहा है, मैं उनकी भावना का स्वागत करता हूं। लास्ट लाइन का भी स्वागत करता हूं, क्योंकि उसके बगैर तो भाषण पूरा नहीं होता है। उन्होंने जो भावना व्यक्त की है, मुझे खुशी है कि पूरा सदन इस बात से सहमत है।

सभापति महोदय, जब आरक्षण दिया गया था, तो संविधानक के मुताबिक इसको दस साल का समय दिया गया था। मैं एक बात सभी सदस्यों से कहना चाहता हूं कि यह आरक्षण किसी पार्टी की देन नहीं है, यह कोई क्लेम नहीं कर सकता है कि जब कांग्रेस पार्टी हकुमत में आई, तब से आरक्षण शुरू हुआ, हिन्दुस्तान जब आजाद हुआ, तब से यह आरक्षण शुरू हुआ। आरक्षण की शुरूआत बहुत पहले से हो गई थी। हां, यह ठीक है कि पहले आरक्षण कम था, अब उसको बढ़ाया गया है।

(व्यवधान)

मैं कह रहा था कि आरक्षण बहुत पहले से हुआ। हमें खुशी है कि आजादी से जो लोग निकले थे, उनको राष्ट्र से प्रेम था, उन्होंने इस बात को महसूस किया कि हिन्दुस्तान में जो दबे हुए लोग हैं, उनको समाज में प्रतिष्ठा दिलाने के लिए आरक्षण आवश्यक है। यही कारण था कि आरक्षण का प्रावधान किया गया। यदि आप संविधान के प्रियेमबल को देखेंगे तो उसमें पहला शब्द सोशियल लिखा हुआ है। हम सामाजिक समता के लिए, आर्थिक समता के लिए और राजनीतिक समता के लिए कमिटेड हैं। इसलिए पहला शब्द है, सामाजिक समता का। संविधान के निर्माता इस बात को मानकर चले थे कि यदि नीयत साफ हो तो किसी भी कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए दस साल का समय काफी है। चाहे अम्बेडकर जी हो या कोई भी हो, दस साल का समय दिया गया था। इसके पीछे यह नीयत थी कि दस साल के अन्दर देश में पूर्ण रूप से समानता आ जाएगी। जात-पात की दीवार टूट जाएगी। सब लोग बराबर स्तर पर आ जायेंगे। उन्हें क्या पता था जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा, वैसे-वैसे असमानता और बढ़ती जाएगी, चाहे सामाजिक क्षेत्र में हो, चाहे आर्थिक क्षेत्र में हो या चाहे राजनीतिक क्षेत्र में हो। पहले एक-दो लोगों की हत्या हुआ करती थी, लेकिन अब गांव के गांव जला दिए जाते हैं, कास्ट के नाम पर। इस होली की बात मैंने उसी दिन कही थी कि एक तरफ लोग रंग की होली खेल रहे थे और दूसरी तरफ इन लोगों के साथ खून की होली खेली गई।

चाहे महाराष्ट्र में हो या दूसरी जगहों पर हों। नतीजा यह हुआ कि हमारी नीयत साफ नहीं है। अगर सरकार की नीयत साफ हो भी, तो जो मशीनरी काम करती है, जिसके द्वारा हम काम करवाते हैं उसकी नीयत साफ नहीं है।

मैंने डागा जी का भाषण सुना। डागा साहब एक बात पर जोर देते हैं और उनकी उस बात में दम है। जो आई० ए० एस० का लड़का हो, जो बड़े मिनिस्टर का लड़का हो, उसको रिजर्वेशन क्यों मिले? ठीक है, नहीं मिलना चाहिये, लेकिन यह मामला कब उठेगा? तब उठेगा जब शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का दोनों को मिलाकर 25 परसेन्ट का कोटा पूरा हो जायगा। तब आप इकानामिक क्राइटेरिया लागू कीजिये, सबसे पहले जो गरीब है उसको मिलेगा, अगर अभी से करेंगे तो जो फूल धीरे-धीरे बढ़ रहा है, वह मुरझा जायगा।

इस देश में दिक्कत यह है कि जब हमारे जैसे लोग बोलते हैं तो कहते हैं कि गुस्से में क्यों बोलते हो। दुनिया के किसी भी देश में ऐसा नहीं है, सिर्फ हिन्दुस्तान में है, यहां गरीब अमीर हो सकता है, अमीर गरीब हो सकता है, लेकिन डागा साहब या रंगा साहब यह चाहें कि वे शेड्यूल्ड कास्ट बन जायें तो यह समाज परमिट नहीं करेगा। अगर कोई शेड्यूल्ड कास्ट यह चाहे कि वह अपर कास्ट बन जाय तो वह नहीं हो सकता है। अमीर गरीब हो सकता है, गरीब अमीर हो सकता है, लेकिन एक जाति का आदमी दूसरी जाति में नहीं जा सकता है। लोग धर्म परिवर्तन कर सकते हैं, हिन्दू मुसलमान हो सकता है, हिन्दू बौद्ध हो सकता है, जैन हो सकता है, क्रिश्चियन हो सकता है लेकिन एक जाति का आदमी दूसरी जाति में नहीं जा सकता है। यह इस देश में सबसे बड़ी विडम्बना है। हमारे जैसे लोग हमेशा यह मानकर चलते हैं कि आप ऐसी व्यवस्था कर दीजिये कि आप टोटल पोस्ट्स में से 50 परसेन्ट पोस्ट्स 'इन्टर-कास्ट मैरिज' वालों के लिये रिजर्व कर दीजिये, फिर उसका परिणाम देखिये। यह जाति व्यवस्था टूटनी शुरू हो जायगी। आप बी. ए. क्वालिफिकेशन मांगते हैं आप बी.ए. क्वालिफिकेशन रखिये, दूसरी सभी चीजें रखिये, लेकिन कह दीजिये कि प्राथमिकता उसको देंगे जो इन्टर कास्ट मैरिज करके आयेगा—यह जाति व्यवस्था टूटने लग जायगी। लेकिन हमारी नीयत साफ नहीं है, हम ऐसा नहीं चाहते हैं, हम चाहते हैं कि जाति व्यवस्था मजबूत होती जाय। नतीजा क्या है—आजादी के बाद, गुजरात में जिस ढंग का आन्दोलन हुआ, वैसा कभी नहीं सुना था। गुजरात में जो वाक्यात हुए और जिस ढंग से हुए—वे इसके उदाहरण हैं।

डागा साहब, आपके मध्य प्रदेश में**

उनको वहां संविधान की रक्षा के लिये भेजा गया था, लेकिन उन्होंने खुद संविधान के ऊपर प्रश्नवाचक चिन्ह लगा दिया—संविधान में जो आरक्षण दिया गया है, वह गलत है। मैं नहीं समझता हूं कि यह सिर्फ**की बोली है, इसके पीछे दूसरों की बोली भी हो सकती है।**

– उनका भी यही हाल है। एक महानुभाव—आई. आई. टी. के डायरेक्टर हैं—**। वह कहता है· · ·

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : भगवत दयाल शर्मा को तो आपने मुकर्रिर किया था।

**Not recorded.

श्री रामविलास पासवान : जिस समय हमने मुर्कारर किया था, उस समय उसकी इस तरह बोलने की हिम्मत नहीं थी। लेकिन आज आपके मुख्यमंत्री की भी हिम्मत होती है और गवर्नर की भी हिम्मत होती है। मैं आपसे एक ही बात पूछता हूं—आप राजस्थान से आते हैं। राजस्थान में जगन्नाथ पहाड़िया को क्यों हटा दिया गया ?

(व्यवधान)

ऐसे-ऐसे मुख्यमंत्री आपके यहां हैं जो कैलण्डर में टांगने लायक हैं। शीशे में लगाने लायक हैं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Shri Sanjivayya was the first Harijan Chief Minister. Are you not giving credit to us for that ?

श्री राम विलास पासवान : मैं इसके लिये आपको धन्यवाद देता हूं। मैं इस बात को भी मानता हूं—कामराज नाडार सबसे अच्छे मुख्य मंत्री साबित हुए। कामराज नाडार जब आपकी पार्टी के प्रेसिडेन्ट हुए, चुनाव जीत गये, तो उनको प्रधान मंत्री बना दिया जाना चाहिये था, लेकिन नहीं बनाया गया। हिन्दुस्तान में इस पद की कुर्सी किसके पास जाती है, वह मुझे मालूम है।

(व्यवधान)

मैं यह कह रहा था कि जाति व्यवस्था आज भी कितनी जटिल है।

मैं जब भागलपुर जेल में था।

MR. CHAIRMAN : One minute. The time allotted to it first was two hours. Then it was extended by another two hours. Four hours are over now.

SEVERAL HON. MEMBERS : Another two hours should be given on it.

MR. CHAIRMAN : What is the consensus of the House ?

SEVERAL HON. MEMBERS : Two hours more, because there are so many Hon. Members who want to speak.

SHRI R.N. RAMESH : Sir, it is a question of 1/5th population of the country.

MR. CHAIRMAN : So, time is extended by another two hours.

श्री राम विलास पासवान : इस जाति व्यवस्था के तहत चाहे कांग्रेस पार्टी के लोग हों और चाहे जनता पार्टी के लोग हों, मैं इसको पार्टी की बात नहीं बनाना चाहता हूं, मैं इस बात को स्वीकार करता हू कि हिन्दुस्तान की जो जाति व्यवस्था है, उसने बहुत खराबी पैदा की है। ऐसी बात नहीं है कि हम अपोजीशन वाले लोग बहुत क्रांतिकारी हैं और आप जो ट्रेजरी बेंचेज पर हैं, आपके पास में दिल नहीं है। जो लोग इन समुदायों से आते हैं, उनके दिल में इन समुदायों के प्रति दर्द है और इसीलिये जब भी ऐसा मामला आता है, मंडल कमीशन का मामला आता है, तो दोनों पक्ष के लोग अपनी पार्टी के दायरे को तोड़कर उसका समर्थन करते हैं, लेकिन इन्होंने जो कहा है, वह एक सीधा-सा सवाल है।

मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि अभी मैंने सरकार से एक सवाल किया था और उस क्वेश्चन के मुताबिक चार साल के अन्दर 1980, 1981, 1982 और 1983 में 24,787 पोस्टें डि-रिजर्व की गई हैं। यह कोई मामूली बात नहीं है। 36 साल की आजादी के बाद 85 हजार पोस्टें डि-रिजर्व की गई हैं इन्क्लूडिंग क्लास 4 पोस्ट। आप कहते हैं कि क्लास 4 में

